an>

Title: Need to construct National Highway No. 334 (B) from Meerut to Loharu.

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (रोहतक) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 334 (बी), जोकि मेरठ से शुरु होकर सोनीपत, खरखौदा, सांपला, झज्जर, चरखी-दादरी से लुहारु तक जाएगा, का मुद्दा उठाना चाहूंगा। यह मार्ग केवल हरियाणा ही नहीं, वरन् उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के लोगों की सुविधा से सीधा जुड़ा हुआ है। यह राजमार्ग मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर जाता है तथा इन प्रदेशों के कुछ महत्वपूर्ण शहरों को आपस में जोड़ने का काम करता है। साथ ही साथ इन शहरों के बाईपास का प्रावधान भी इस राष्ट्रीय राजमार्ग में है।

महोदया, यह सत्य है कि राजमार्ग के साथ-साथ विकास चलता है। पिछले दस वर्षों के दौरान, हरियाणा में राजमार्गों का जो रिकार्ड निर्माण हुआ है, उससे प्रत्यक्ष विकास को होते हुए देखा जा सकता है। ठीक एक साल पहले मैंने इस राजमार्ग संख्या 334 (बी) की मांग रखी थी और यूपीए सरकार के कार्यकाल में, 4 मार्च 2014 को यह अधिसूचित भी हो गया था। मगर मुझे आश्चर्य है कि नयी सरकार ने अभी तक इसके निर्माण के लिए, किसी धनराशि का आबंटन नहीं किया है। मुझे उम्मीद है कि नयी सरकार विकास परियोजनाओं को राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखेगी।

महोदया, राजमार्ग बनेंगे, तो क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा तथा यातायात सुरक्षित और व्यावहार्य होगा। इसलिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि इन प्रदेशों की जनता के हित में तत्काल प्रभाव से, इस राजमार्ग के निर्माण के लिए, उचित धनराशि का प्रावधान करें। धन्यवाद।

_